# भाषा प्रयोग संबंधी सर्वेक्षण

प्रिय माता-पिता/अभिभावक:

एक से ज्यादा भाषाएं बोलना बेहद लाभकारी है। हम परिवारों को प्रोत्साहित करते हैं कि अंग्रेजी सीखते समय अपनी मूल भाषा(ओं) को भी कायम रखें। जो विद्यार्थी कोई दूसरी भाषा बोलते या समझते हैं, वो अपनी अंग्रेजी में सुधार करने के लिए सहायता और Maine के अकादमिक मानकों को पूरा करने में मदद के लिए योग्य हो सकते हैं। निम्नलिखित सवाल, जो प्री-किंडरगार्टन से लेकर ग्रेड 12 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए जरूरी हैं, ये निर्धारित करने में आपके स्कूल की मदद कर सकते हैं कि क्या आपके बच्चे को अंग्रेजी भाषा सहायता सेवाओं से लाभ मिल सकता है।

यदि आप चाहते हैं कि यह पत्र और नीचे दिया गया सर्वेक्षण किसी और भाषा में प्रदान किया जाए, या यदि आप एक दुभाषिया चाहते हैं, तो आपका स्कूल उन अनुरोधों को पूरा करेगा। यह आपका कानूनी अधिकार है कि स्कूल की तरफ से कोई भी बातचीत आपको उस भाषा में मौखिक या लिखित फॉर्मैट में मिले, जिसे आप अच्छी तरह से समझ सकते हैं।

यदि अंग्रेजी के अलावा कोई और भाषा नीचे दी गई है, तो आपका बच्चा एक अंग्रेजी भाषा दक्षता (ELP) स्क्रीनर को पूरा करेगा। आपके बच्चे के प्रदर्शन के आधार पर, आपके बच्चे की पहचान अंग्रेजी शिक्षार्थी के तौर पर हो सकती है और वह अंग्रेजी भाषा सहायता के लिए योग्य हो सकता है। निश्चिंत रहें, आपके जवाबों को केवल शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग किया जाएगा और आपके बच्चे की स्कूल फाइल में रखा जाएगा, जिस तक केवल स्कूल के स्टाफ की पहुंच होगी। स्कूल के कर्मचारियों को आपके परिवार की इमीग्रेशन स्थिति के बारे में पूछने की अनुमति नहीं है।

यह जानकारी प्रदान करने के लिए आपका धन्यवाद और आपके बच्चे की अकादमिक सफलता के लिए शुभकामनाएं।

| | |
|---|---|
| विद्यार्थी का नाम: | जन्मतिथि: |
| स्कूल: | अपेक्षित ग्रेड: |

**कृपया किसी भी सवाल को जवाब दिए बिना न छोड़ें।**

1. आपके बच्चे ने पहली बार कौन-सी भाषा(एं) को बोला या समझा था? ____________________

2. आपका बच्चा कौन-सी भाषा(एं) सबसे ज्यादा आसानी से बोलता या समझता है? ____________________

3. लोग आपके बच्चे के साथ रोजाना कौन-सी भाषा(ओं) का प्रयोग करते हैं? ____________________

इस पूरे किए गए दस्तावेज की मूल प्रति को विद्यार्थी के स्थायी रिकॉर्ड फोल्डर में रखें

कानूनी आधार: सेक्शन 3111, एलिमेंटरी एंड सेकंडरी एजुकेशन एक्ट 1965

# भाषा प्रयोग संबंधी सर्वेक्षण

माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर: ________________________________________ तिथि: ______________________

---

**केवल स्कूल के प्रयोग के लिए नामांकन-पश्चात पहचान**: यदि अंग्रेजी ही एकमात्र भाषा है, जिसकी पहचान भाषा प्रयोग सर्वेक्षण (उपरोक्त सवाल 1-3) में हुई है, तो एक ELP स्क्रीनर **केवल तभी** किया जा सकता है, यदि इस भाग को किसी अध्यापक द्वारा पूरा किया जाता है और फिर इसे बहुभाषी निदेशक/कोऑर्डिनेटर या भाषा पहुंच समिति द्वारा मंजूरी दी जाती है। इस प्रमाण का विवरण दें कि विद्यार्थी का अंग्रेजी भाषा विकास, अंग्रेजी के अलावा उनकी मूल या घर की भाषा से प्रभावित हुआ है:

**हस्ताक्षर:** अध्यापक ____________________________________________________ तिथि: ______________________

बहुभाषी निदेशक/कोऑर्डिनेटर ________________________________________ तिथि: ______________________

इस पूरे किए गए दस्तावेज की मूल प्रति को विद्यार्थी के स्थायी रिकॉर्ड फोल्डर में रखें

कानूनी आधार: सेक्शन 3111, एलिमेंटरी एंड सेकंडरी एजुकेशन एक्ट 1965